ऋतिक रोशन का काफी सम्मान करती हैं दिशा पाटनी

बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी का कहना है कि वह ऋतिक रोशन का काफी सम्मान करती हैं और उनके साथ काम करने की इच्छा उनकी लिस्ट में सबसे ऊपर है। दिशा पाटनी ने ऋतिक रोशन के फ़्लर्ट किये जाने वाली खबरों को खंडन करते हुये ऋतिक को सम्मानित इंसान बताया है। हाल ही में ऐसी चर्चा हो रही थी कि दिशा ने एक फिल्म में काम करने से मना कर दिया है, क्योंकि ऋतिक ने कथित रूप से उनके साथ फ़्लर्ट करने की कोशिश की थी। दिशा ने इस खबर को बेतुकी और गैर जिम्मेदार गपशप क़रार किया है।

दिशा पाटनी ने कहा, ऋतिक सर और मेरे बारे में बेतुकी और गैर जिम्मेदार गपशप ने तूल पकड़ा हुआ है। मैं ये कहना चाहूंगी कि ये पूरी तरह से झूठ है और मैंने जो उनसे थोड़ी बहुत बातचीत की है, वो सबसे प्रतिष्ठित और आनंददायक लोगों में से एक है। ये एक व्यक्ति के रूप में उनके प्रति मेरा सम्मान है जो मैं इस खबर का जवाब दे रही हूँ। उनके साथ किसी भी प्रोजेक्ट से बाहर निकालने की खबर में कोई सच्चाई नहीं है।,मेरे दिल में ऋतिक के लिए बहुत सम्मान है और उनके साथ काम करने की इच्छा उनकी लिस्ट में सबसे ऊपर है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

जब काजोल ने शाहरुख की बहन बनने से किया इनकार

बॉलिवुड की सबसे रोमांटिक जोड़ियों में से एक शाहरुख खान और काजोल की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री दर्शकों को सिनेमाघर तक खींचकर लाने के लिए काफी थी। मगर क्या आपको पता है कि एक बार एक फिल्म के लिए काजोल को बड़े पर्दे पर शाहरुख की बहन बनने का रोल भी ऑफर हुआ था, लेकिन उन्होंने इसे करने से इनकार कर दिया था। बॉलिवुड के बादशाह और ऐक्ट्रेस काजोल ९० के दशक की सबसे हिट जोड़ी थी। बॉक्स ऑफिस पर इनकी बादशाहत कई सालों तक कायम थी। इनकी जोड़ी में रेखा-अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र हेमा मालिनी से कम आकर्षण नहीं था। इनकी सभी फिल्में बाजीगर, दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे, करन-अर्जुन, कुछ कुछ होता है और कभी खुशी कभी गम सब ही ब्लॉकबस्टर साबित हुईं।



मगर आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि साल २००० में आई शाहरुख खान की एक फिल्म जोश के लिए काजोल को उनकी बहन बनने का रोल ऑफर हुआ था। हालांकि ने तुरंत न कर दिया गया था। फिल्म में शाहरुख ने मैक्स का रोल निभाया था और काजोल को उनकी बहन शिर्ले बनना था, लेकिन उन्होंने यह प्रयोग करने का रिस्क नहीं लिया। काजोल के मना करने के बाद बॉलिवुड दीवा ऐश्वर्या राय ने इस रोल को निभाया था। इतना ही नहीं चंद्रचूड़ सिंह वाला रोल भी पहले आमिर खान को ऑफर किया गया था। लेकिन वह शाहरुख वाला रोल करना चाहते थे।

हेरीमैन करेंगे फिल्म 'वन्स अपॉन ए टाइम इन हॉलीवुड' में अभिनय



लीक से हटकर फिल्म बनाने के लिए मशहूर क्वैंटिन टैरेन्टिनो की फिल्म 'वन्स अपॉन ए टाइम इन हॉलीवुड' में ऑस्ट्रेलियाई अभिनेता डैमन हेरीमैन को भी शामिल किया गया है। ईडब्ल्यू ने पुष्टि की है कि 48 वर्षीय अभिनेता इस फिल्म में चार्ल्स मैन्सन का किरदार अदा करेंगे। इस फिल्म में लियोनार्डो डिकैप्रियो, ब्रैड पिट, अल पचिनो और मार्गोट रॉबिट मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा इस फिल्म में इथन हॉक और उमा थर्मन की बेटी माया हॉक भी हैं। इस फिल्म की कहानी 1969 की पृष्ठभूमि में लिखी गई है और यह फिल्म अगले साल 26 जुलाई को रिलीज होगी।

संजय ने रिजेक्ट की टोटल धमाल?

ऐक्टर संजय दत्त सुपरहिट फ्रैंचाइज़ धमाल के दोनो पार्ट्स का हिस्सा रहे, लेकिन टोटल धमाल में यह कमान अजय देवगन ने संभाल ली। डायरेक्टर इंदर कुमार चाहते थे कि संजय दत्त फिल्म में स्पेशल अपियरेंस दें। इंदर को लगा कि संजय के साथ उनके दोस्ताना रिश्ते हैं, पिछली दो फिल्मों में काम किया ही है, तो फिर वह उन्हें मना नहीं करेंगे...लेकिन संजय दत्त ने टोटल धमाल में काम करने से मना कर दिया।

रिपोर्ट्स के अनुसार, संजय दत्त ने अपनी फिल्म प्रस्थानम के टाइट शेड्यूल के चलते टोटल धमाल में काम करने से मना कर दिया, लेकिन अफवाहों का बाजार गर्म है कि संजय दरअसल इंदर कुमार से नाराज थे और उनकी नाराजगी की वजह थी कि फिल्म में उनका स्पेशल अपियरेंस।

संजय चाहते थे कि वह फिल्म में अच्छे-खासे रोल में हों, लेकिन इंदर कुमार ने उन्हें महज एक कैमियो तक सीमित कर दिया। इसीलिए संजय ने टोटल धमाल में काम करने से मना कर दिया। बता दें कि टोटल धमाल में अजय देवगन के अलावा माधुरी दीक्षित, अनिल कपूर, अरशद वारसी, जावेद जाफरी, बोमन ईरानी, रितेश देशमुख, ईशा गुप्ता, संजय मिश्रा और सुदेश लहरी जैसे कलाकार नजर आएंगे। ये इस साल 7 दिसंबर को रिलीज़ होगी।